प्राची पाण्डेय, आईए एवं एएस
आयुक्त
Prachi Pandey, IA&AS
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
Kendriya Vidyalaya Sangathan
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016

संदेश

प्रिय शिक्षकवृंद,

शिक्षक दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ।

शिक्षक केवल शैक्षणिक मार्गदर्शक ही नहीं, बल्कि बच्चे के भविष्य के निर्माता होते हैं। प्रथम अक्षर लिखने से लेकर जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों तक वे धैर्य, सहानुभूति और सहयोग के साथ प्रत्येक कदम पर साथ चलते हैं। वे केवल मस्तिष्क ही नहीं, बल्कि मूल्य, सपने और आकांक्षाएँ भी गढ़ते हैं, जो हमारे राष्ट्र का भविष्य निर्धारित करती हैं।

देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों के शिक्षक नवीन शैक्षणिक पद्धतियों, रचनात्मक दृष्टिकोण और समावेशी भावना के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनके निरंतर प्रयास से प्रत्येक बालक-बालिका सशक्त, प्रेरित और समाज में सार्थक योगदान के लिए तैयार हो रहा है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में अग्रणी और पथप्रदर्शक है। अनुभवात्मक अधिगम, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी के उपयोग और समग्र विकास पर विशेष बल देकर के.वि.सं. के शिक्षक इस नीति की दृष्टि को साकार कर रहे हैं और कक्षाओं को नवाचार एवं प्रेरणा का केन्द्र बना रहे हैं।

इस विशेष दिवस पर हम ज्ञान, मूल्य और प्रगति के सभी ध्वजवाहक शिक्षकों को नमन करते हैं।

अनेक मंगलकामनाओं सहित,

प्राची पं.
(प्राची पाण्डेय)

☎011-26512579 www.kvsangathan.nic.in commissioner-kvs@gov.in @KVS_HQ @KVSHQ @kvshqr